दिन– शुक्रवार दिनांक– 08/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ महापर्व का चार दिवसीय अनुष्ठान आज संपन्न हो गया। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर की प्रमुख नदियों गंगा, कोसी, गंडक, बागमती, सोन के अलावा तालाबों, जलाशयों और अस्थायी घाटों पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों ने अपने घरों के बाहर और छतों पर बने अस्थायी जलाशयों में भी अर्घ्य दिया। इसके बाद छठ व्रतियों ने पारण करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ उनका छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास संपन्न हुआ। छठ घाटों पर ही लोगों को प्रसाद का भी वितरण किया गया। अर्घ्य देने के लिये आज सुबह–सवेरे से ही व्रती विभिन्न नदियों के घाटों, जलाशयों और अस्थायी कुंडों के पास पहुंच चुके थे। बड़ी संख्या में दूर–दराज से आये व्रतियों ने पूरी रात नदियों के घाटों पर ही जागरण किया और सूर्योदय के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय बना रहा। छठ गीतों से वातावरण गुंजायमान हो रहा था। जिला प्रशासन, विभिन्न छठ पूजा समितियों और स्वयं सेवी संगठनों से जुड़े लोग भी व्रतियों की सुविधा और उनके स्वागत में जुटे रहे।

————————————————————

छठ पूजा के संपन्न होने के बाद बिहार से बड़ी संख्या में दूसरे शहरों और राज्यों के लिए लोगों के लौटने का सिलसिला आज से शुरू हो गया। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पटना, राजेंद्रनगर, दानापुर, समस्तीपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न स्टेशनों पर विशेष इंतजाम किये गये हैं। आज विभिन्न गंतव्य स्थानों के लिए चालीस से अधिक पूजा स्पेशल रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। प्लेटफार्म पर अधिक भीड़ भाड़ को रोकने के लिए स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं। वहीं, पटना सहित प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ के मद्देनजर आज से ग्यारह नवंबर तक प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। भीड़ भाड़ रोकने के लिए तीन दिनों तक पार्किंग पर भी रोक रहेगी। हालांकि पिक एंड ड्राप की सुविधा रहेगी।

————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ ने चार–तीन के बहुमत से अजीज बाशा बनाम भारत सरकार मामले में उन्नीस सौ सड़सठ के उस फैसले को आज खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने से इनकार करने का आधार बना था। वर्ष उन्नीस सौ सड़सठ के फैसले में कहा गया था कि क़ानून द्वारा स्थापित कोई संस्था अल्पसंख्यक संस्था होने का दावा नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने आज कहा कि किसी भी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा इसलिए वापस नहीं लिया जा सकता कि उसकी स्थापना वैधानिक व्यवस्था द्वारा की गई थी। पीठ का नेतृत्व करने वाले मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस मामले में तीन असहमति वाले फैसलों सहित चार अलग–अलग राय हैं।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि भ्रष्टाचार एक बीमारी है और इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। राष्ट्रपति नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कई पहल की हैं। इनमें से कुछ पहलों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना, ई–मार्केटप्लेस और आर्थिक अपराधी अधिनियम का उदाहरण दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है।

———————————————————

प्रदेश के राजगीर में होने वाली एशियाई महिला हॉकी प्रतियोगिता के लिए टीमों का पहुँचना शुरू हो गया है। आज गया हवाई अड्डे पर थाईलैंड की महिला हॉकी टीम उतरी। टीम का स्वागत ढ़ोल–नगाड़ों तथा पारंपरिक ड्रैगन नृत्य के साथ किया गया। किलकारी के बच्चों ने उन्हें तिलक लगाया। चीन और जापान की महिला हॉकी टीम भी कल देर शाम गया पहुंची। ग्यारह नवम्बर से शुरू हो रही इस प्रतियोगिता में चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड के साथ मेजबान भारत भी शामिल हो रहा है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।